राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक : लेखांकन
पाठ : 5 रोजनामचा
कार्यपत्रक -5

1. एक ऐसी पुस्तक है जो हर छोटे व बड़े व्यवसायी द्वारा तैयार की जाती है। इस बयान के संदर्भ में रोजनामचे पर एक नोट लिखें।

2. स्तंभवार विवरणों को समझाते हुए रोजनामचे का प्रारूप बनाएं।

3. आपका दोस्त रोजनामचे की प्रक्रिया को समझ नहीं पाया। आसान तरीके से उसे समझने में मदद करने के लिए उदाहरण देते हुए उसके चरणों का उल्लेख करें।

4. दी गयी अप्राप्य ऋण और छूट को उदाहरणों की सहायता से संयुक्त रोजनामचा में प्रविष्टियां करें।

5. लागत आगम मिलान सिद्धांत को सही सिद्ध करने के लिए प्रत्येक व्यय एवं आगम की राशि उसी अवधि के लिए होनी चाहिए जिसके खाते तैयार किये जा रहें हैं। इस संदर्भ में उदाहरण देते हुए रोजनामचा प्रविष्टि को समायोजित करने के बारे में लिखें -

(क) अग्रिम में भुगतान किया गया बीमा प्रीमियम।
(ख) उपार्जित आय जैसे किराया(आय) देय हो गई है लेकिन प्राप्त नहीं हुई है।
(ग) अग्रिम में प्राप्त आय जैसे कमीशन प्राप्त हुआ है, हालांकि अभी तक देय नहीं है।

6. रोजनामचा को विशेष रोजनामचा और मुख्य रोजनामचा में वर्गीकृत किया जा सकता है। रोजनामचा को वर्गीकृत करें और चार्ट की मदद से समझाएं। विशेष रोजनामचा और मुख्य रोजनामचा के बीच अंतर कीजिये।

7. श्री अक्षय की किताबों में निम्नखित लेन-देन की जानकारी दें।

2020 अप्रैल
(क) 1 अप्रैल श्री सुंदर ने 70,000 रूपये नकद के साथ कारोबार शुरू किया।
(ख) 4 अप्रैल मीना से रू 18,000 का माल खरीदा।
(ग) 7अप्रैल बैंक में रू 29,000 नकद जमा किया।
(घ) 10अप्रैल दानिश को 31,000 रूपये में सामान बेचा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक : लेखांकन
पाठ : 5 रोजनामचा
कार्यपत्रक -5

(ङ) 13अप्रैल 20,000 रू नकद में लैपटॉप खरीदा।

(च) 17 अप्रैल रू 20,000 का चेक मीना को दिया।

(छ) 20 अप्रैल 400 रु. मजदूरी का भुगतान किया।

8. वर्गीकरण के लिए आधुनिक दृष्टिकोण का उपयोग करके निम्नलिखित व्यापारिक लेन-देन का विश्लेषण करें-

2020

(क) रू 25,000 नकद का सामान बेचा

(ख) रू 1,000 कमीशन का भुगतान किया

(ग) व्यक्तिगत उपयोग के लिए रू 5000 नकद निकाला

(घ) 10,000 रू वेतन का भुगतान किया

(ङ) 15,000 उधार पर माल खरीदा

9. उपर्युक्त विश्लेषण के आधारपर (प्रश्न 8), रोजनामचा में प्रविष्टियां करें।

10. अपने पड़ोस की किसी भी दुकान पर जाएं। उससे पिछले सप्ताह में किए गए अलग-अलग लेन-देन पूछें। किसी भी पांच का चयन करें और रोजनामचे में प्रविष्टियां करें।